AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

कंपनी में बने सलाहकार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यापार प्रशासन विभाग के छात्र-छात्राएं अब यूनाइटेड किंगडम की कंपनी को सलाह देंगे। यूके की एंटाल इंटरनेशनल ने चार छात्र-छात्राओं को बतौर सलाहकार चयनित किया है। इसमें व्यापार प्रशासन विभाग की सावनी मौर्य, पलक गुप्ता, अद्धर्व मिश्रा और कृतिका राय शामिल हैं। इन सभी को छह लाख रुपये वार्षिक का पैकेज मिलेगा। इससे पहले इन छात्र-छात्राओं को गोदरेज एंड बॉयस कंपनी में 4.8 लाख रुपये सालाना के पैकेज पर चयनित किया गया था। परिवीक्षा अवधि के बाद इनका पैकेज बढ़ाकर सात लाख रुपये सालाना किया जाना था। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि ये प्लेसमेंट ऐसे समय पर हुए हैं जब विभाग अपने वार्षिक उत्सव ग्रेविटास 2.0 को मना रहा है। इस कार्यक्रम में क्विज, केस स्टडी, चर्चा, बहस और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। कार्यक्रम 12 व 13 अप्रैल को प्रस्तावित है। (संवाद)

NBT PAGE 6

एलयू के कैंपस प्लेसमेंट में चार स्टूडेंट्स का चयन

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के व्यापार प्रशासन विभाग के चार स्टूडेंट्स का प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी के लिए चयन हुआ है। पीआरओ डॉ.दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक, बीते दिनों कैंपस प्लेसमेंट में व्यापार प्रशासन विभाग के स्टूडेंट्स ने एंटाल और गोदरेज एंड बॉयस कंपनी में साक्षात्कार दिया था। इसमें चार स्टूडेंट्स सावनी मौर्य, पलक गुप्ता, अद्धर्व मिश्रा और कृतिका राय को 6 लाख प्रति वर्ष का सालाना पैकेज एंटाल इंटरनेशनल कंपनी में मिला है। इन्हें सलाहकार के पदों पर चुना गया है। एंटल एक यूके आधारित कंपनी है। वहीं अद्धर्व मिश्रा का चयन गोदरेज एंड बॉयस कंपनी में भी हुआ है। ट्रेनिंग के बाद उनका पैकेज बढ़ाकर 7 लाख प्रति वर्ष हो जाएगा। अब उन्हें तय करना है कि वह किस कंपनी को जॉइन करेंगे।

एलयू के व्यापार प्रशासन विभाग के स्टूडेंट्स चुने गए

JAGRAN CITY PAGE III

लवि व डिग्री कालेजों में आज से सम सेमेस्टर की पढ़ाई

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान, अर्थशास्त्र विभाग से लेकर कई डिग्री कालेजों में सोमवार से सम सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू हो जांएगी। लवि के जंतु विज्ञान विभाग के हेड प्रोफेसर एम सेराजुद्दीन ने बताया कि बीएससी-एमएससी जूलाजी, बीएससी जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स दूसरे व चौथे सेमेस्टर की कक्षाएं तीन अप्रैल से शुरू होगी। प्रैक्टिकल और थ्योरी की कक्षाएं सुबह 7.30 बजे से शुरू होंगी। अर्थशास्त्र विभाग के हेड प्रो. एमके अग्रवाल ने भी तीन अप्रैल से कक्षाएं शुरू करने की समय सारिणी जारी की है। बीए दूसरे, चौथे, छठे सेमेस्टर व एमए चौथे सेमेस्टर की कक्षाएं सुबह 8.25 से शुरू होंगी।

लवि में केमिस्ट्री, फिजिक्स की कक्षाएं 10 से

लवि के केमिस्ट्री विभाग के हेड प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने बताया कि बीएससी व एमएससी सम सेमेस्टर की कक्षाएं 10 अप्रैल से शुरू होंगी। इसमें बीएससी दूसरे सेमेस्टर थ्योरी व प्रैक्टिकल, चौथे व छठे सेमेस्टर, एमएससी केमिस्ट्री दूसरे, चौथे सेमेस्टर, एमएससी फार्मास्यूटिकल दूसरे, चौथे सेमेस्टर की थ्योरी व प्रैक्टिकल की कक्षाएं शामिल हैं। भौतिक विज्ञान विभाग के हेड प्रो. एनके पांडेय ने बताया कि सम सेमेस्टर की कक्षाएं 10 अप्रैल से शुरू होंगी।

अवध गर्ल्स डिग्री कालेज : प्राचार्य प्रोफेसर बीना राय ने बताया कि बीए, बीकाम द्वितीय, चौथे, छठे सेमेस्टर, एमए द्वितीय व चौथे सेमेस्टर की कक्षाएं सोमवार से शुरू होंगी।

नेशनल पीजी कालेज : बीए, बीएससी, बीकाम द्वितीय सेमेस्टर की को-करिकुलर 'फर्स्ट एंड बेसिक हेल्थ' विषय की कक्षाएं तीन अप्रैल से दोपहर एक से दो बजे तक होंगी। इसमें छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। ये कक्षाएं साइंस ब्लाक के आडिटोरियम-1 में होंगी। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एंथ्रोपोलाजी विभाग की ओर से बीए, बीकाम व बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की कक्षाएं भी सोमवार से शुरू हो जाएंगी। इसका समय दोपहर एक से दो बजे तक रहेगा। इसके चौथे सेमेस्टर की कक्षा गुरुवार से चलेगी।

कालीचरण पीजी कालेज : प्राचार्य प्रोफेसर चंद्र मोहन उपाध्याय ने बताया कि सम सेमेस्टर की कक्षाएं 10 अप्रैल से शुरू करने की तैयारी है। इसको लेकर एक से दो दिन में विभाग के हेड के साथ बैठक करके शेड्यूल फाइनल किया जाएगा।

राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय विजेता

राजकोट गुजरात की मारवाड़ी यूनिवर्सिटी में हुई तृतीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय की विधि संकाय की टीम विजेता बनी ● सौजन्य से लवि

जागरण संवाददाता, लखनऊ : राजकोट गुजरात की मारवाड़ी यूनिवर्सिटी में 31 मार्च से दो अप्रैल तक हुई स्व. अभय भारद्वाज तृतीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2023 में लखनऊ विश्वविद्यालय की विधि संकाय की टीम विजेता बनी है।

लवि विधि संकाय के डीन प्रोफेसर बीडी सिंह ने बताया कि टीम में शामिल पांच वर्षीय एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्र रितेश सिंह प्रथम स्पीकर, अभिराम पांडेय द्वितीय स्पीकर व प्रज्वल प्रताप सिंह (रिसर्चर) शामिल हैं। इसके अलावा बेस्ट स्पीकर का अवार्ड छात्र रितेश सिंह को मिला। प्रतियोगिता आयोजित करने वाली यूनिवर्सिटी ने विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप 40 हजार रुपये कैश प्राइज और बेस्ट स्पीकर को सात हजार रुपये कैश प्राइज दिया।

लवि के चार छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के चार छात्र-छात्राओं का अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनी में चयन हुआ है। इसमें सावनी मौर्य, पलक गुप्ता, अधर्व मिश्रा और कृतिका राय शामिल हैं। इन्हें छह लाख प्रति वर्ष के वेतन पैकेज पर एंटाल इंटरनेशनल में सलाहकार के पदों पर चुना गया है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अधर्व मिश्रा का चयन गोदरेज एंड बायस कंपनी में 4.8 लाख रुपये सालाना पैकेज पर भी हुआ है। प्रोबेशन के बाद यह पैकेज सात लाख रुपये हो जाएगा। (जासं)

लवि : छूटे हुए छात्रों की प्रयोगात्मक परीक्षा आज

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी बाटनी प्रथम, तृतीय व पांचवें सेमेस्टर के छूटे हुए, बैक पेपर, इन्जेम्प्टेड (एनईपी, ओल्ड कोर्स) की प्रयोगात्मक परीक्षा सोमवार से शुरू होगी। तीन अप्रैल को बीएससी तीसरे सेमेस्टर, पांच अप्रैल को बीएससी प्रथम व पांचवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की परीक्षा होगी। इसका समय सुबह 10 बजे से रहेगा। (जासं)

HINDUSTAN TIMES PAGE 3

LU initiates online UG admission process; forms available

HT Corrrespondent
letters@htlive.com

LUCKNOW: University of Lucknow has initiated the online undergraduate (UG) admissions under the 'centralised admission system' for the session 2023-24. The last date for submission of the admission form is May 31.

Candidates can get all admission related information from the admission brochure by visiting UG Admission tab on the admission page of the LU website.

"Admission forms can also be filled by the candidates through their mobile phones or by downloading the LU app," said LU spokesperson, Durgesh Srivastava.

It is mandatory for every candidate to register the Lucknow University Registration Number (LURN) before filling the centralised admission form. For LURN registration, candidates must register themselves by visiting the admission page as it is mandatory to fill the LURN registration number in the online admission form.

Before filling up the form, the candidates must read all the instructions mentioned in the admission brochure. Scanned copy of the photograph of the candidates and their signature should be attached.

If a candidate wants to take advantage of any reservation, the scanned copy of its certificate should be attached.

In case of any kind of inconvenience, the candidates may dial helpline number 0522-4150500 from 10am to 6pm for queries.

IN CASE OF ANY INCONVENIENCE, CANDIDATES MAY DIAL HELPLINE NUMBER 0522-4150500 .

i-NEXT PAGE 4

नेशनल कॉलेज में भी आज से शुरू होंगी सम सेमेस्टर की क्लासेस

यूनिवर्सिटी और डिग्री कॉलेजों में आज से सम सेमेस्टर क्लास

i UPDATE

एलयू के जंतु विज्ञान, अर्थशास्त्र विभाग, अवध और नेशनल कालेज ने जारी किया शेड्यूल

LUCKNOW (2 April): लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान, अर्थशास्त्र विभाग से लेकर कई डिग्री कालेजों में सोमवार से सम सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू हो जांएगी। एलयू के जंतु विज्ञान विभाग के हेड प्रोफेसर एम सेराजुद्दीन ने बताया कि बीएससी-एमएससी जूलाजी, बीएससी जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स दूसरे व चौथे सेमेस्टर की कक्षाएं तीन अप्रैल से शुरू होगी. प्रैक्टिकल और थ्योरी की कक्षाएं सुबह 7.30 बजे से शुरू होंगी। अर्थशास्त्र विभाग के हेड प्रो. एमके अग्रवाल ने भी तीन अप्रैल से कक्षाएं शुरू करने की समय सारिणी जारी की है. बीए दूसरे, चौथे, छठे सेमेस्टर व एमए चौथे सेमेस्टर की कक्षाएं सुबह 8.25 से शुरू होंगी।



केमिस्ट्री और फिजिक्स की कक्षाएं 10 अप्रैल से

एलयू के केमिस्ट्री विभाग के हेड प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने बताया कि बीएससी व इकक्षाएं 10 अप्रैल से शुरू होंगी. इसमें बीएससी दूसरे सेमेस्टर थ्योरी व प्रैक्टिकल, चौथे व छठे सेमेस्टर, एमएससी केमिस्ट्री दूसरे, चौथे सेमेस्टर, एमएससी फार्मास्यूटिकल दूसरे, चौथे सेमेस्टर की थ्योरी व प्रैक्टिकल की कक्षाएं शामिल हैं. भौतिक विज्ञान विभाग के हेड प्रो. एनके पांडेय ने बताया कि सम सेमेस्टर की कक्षाएं 10 अप्रैल से शुरू होंगी.

अवध गर्ल्स डिग्री कालेज

अवध गर्ल्स डिग्री कालेज की प्राचार्य प्रोफेसर बीना राय ने बताया कि बीए, बीकाम द्वितीय, चौथे, छठे सेमेस्टर, एमए द्वितीय व चौथे सेमेस्टर की कक्षाएं सोमवार से शुरू होंगी.

नेशनल पीजी कालेज

बीए, बीएससी, बीकाम द्वितीय सेमेस्टर की को-करिकुलर फर्स्ट एंड बेसिक हेल्थ विषय की कक्षाएं तीन अप्रैल से दोपहर एक से दो बजे तक होंगी. इसमें छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य की गई है. ये कक्षाएं साइंस ब्लाक के आडिटोरियम-1 में होंगी. प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एंथ्रोपोलाजी विभाग की ओर से बीए, बीकाम व बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की कक्षाएं भी सोमवार से शुरू हो जाएंगी. इसका समय दोपहर एक से दो बजे तक रहेगा. इसके चौथे सेमेस्टर की कक्षा गुरुवार से चलेगी.

कालीचरण पीजी कालेज

कालीचरण पीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर चंद्र मोहन उपाध्याय ने बताया कि सम सेमेस्टर की कक्षाएं 10 अप्रैल से शुरू करने की तैयारी है. इसको लेकर एक से दो दिन में विभाग के हेड के साथ बैठक करके शेड्यूल फाइनल किया जाएगा.

शुरू होगा ऑनलाइन बीकॉम-बीबीए कोर्स

नए शैक्षिक सत्र में स्टूडेंट्स को ऑनलाइन कोर्स की सुविधा देने की तैयारी

LUCKNOW (2 April): लखनऊ यूनिवर्सिटी नए शैक्षिक सत्र से ऑनलाइन कोर्स शुरू करने की तैयारी कर रही है. ऑनलाइन कोर्स में पहले अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे. इसके लिए कंटेंट तैयार किया जा रहा है. एलयू प्रशासन को उम्मीद है कि जुलाई में कोर्स शुरू हो जाएगा. ऑनलाइन कोर्स के लिए स्टूडियो बनाने की तैयारी चल रही है. पहले बीकॉम और बीबीए के कोर्स ऑनलाइन कोर्स की कोऑर्डिनेटर डॉ. अमिता बाजपेयी ने बताया कि कोर्स की रूपरेखा तैयार की जा रही है. फिलहाल बीकॉम व बीबीए शुरू करने की योजना है. इन दो कोर्स की सफलता के बाद आगे अंडर ग्रेजुएट के सभी कोर्सों को ऑनलाइन चलाने का काम होगा.

अधिक स्टूडेंट्स को मिलेगा पढ़ने का मौका

डॉ. अमिता बाजपेई ने बताया कि ऑफलाइन कोर्स में यूजी प्रोग्राम में हमारे पास लिमिटेड सीट हैं, ऐसे में कई स्टूडेंट्स दाखिला नही ले पाते हैं. ऑनलाइन कोर्स में सीट की लिमिटेशन नही होगी और अधिक से अधिक स्टूडेंट्स को एडमिशन दिया जाएगा. उम्मीद है कि ये कोर्स सेल्फ फाइनेंस मोड में चलाए जाएंगे. इसमें स्टूडेंट्स ऑनलाइन आवेदन करके एडमिशन ले सकेंगे.

चार स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट

एलयू के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के स्टूडेंट्स सावनी मौर्य, पलक गुप्ता, अद्धर्व मिश्रा, और कृतिका राय को 6 लाख रुपए प्रति वर्ष के वेतन पैकेज पर एंटाल इंटरनेशनल के साथ सलाहकार के पदो पर चुना गया. एंटल एक यूके आधारित, ग्लोबल एक्जीक्यूटिव रिक्रूटमेंट फर्म है. गोदरेज एंड बॉयस एमएफजी कंपनी लिमिटेड, एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ने अधर्व मिश्रा को 4.8 लाख रुपए प्रति वर्ष के पैकेज पर चुना गया है.

● एलयू में ऑनलाइन शुरू किए जाने वाले ये कोर्स सेल्फ फाइनेंस मोड में चलाए जाएंगे.

THE PIONEER PAGE 3

मूट कोर्ट प्रतियोगिता में एलयू टीम विजेता

LUCKNOW (2 April): राजकोट गुजरात की मारवाड़ी यूनिवर्सिटी में 31 मार्च से दो अप्रैल तक हुई स्व. अभय भारद्वाज तृतीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2023 में लखनऊ विश्वविद्यालय की विधि संकाय की टीम विजेता बनी है. लखनऊ यूनिवर्सिटी विधि संकाय के डीन प्रोफेसर बीडी सिंह ने बताया कि टीम में शामिल पांच वर्षीय एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्र रितेश सिंह प्रथम स्पीकर, अभिराम पांडेय द्वितीय स्पीकर व प्रज्वल प्रताप सिंह (रिसर्चर) शामिल हैं. इसके अलावा बेस्ट स्पीकर का अवार्ड छात्र रितेश सिंह को मिला. प्रतियोगिता आयोजित करने वाली यूनिवर्सिटी ने विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप 40 हजार रुपये कैश प्राइज और बेस्ट स्पीकर को सात हजार रुपये कैश प्राइज दिया.

छूटे छात्रों के प्रैक्टिकल आज

लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी बाटनी प्रथम, तृतीय व पांचवें सेमेस्टर के छूटे हुए, बैक पेपर, इग्जेम्प्टेड (एनईपी, ओल्ड कोर्स) की प्रयोगात्मक परीक्षा सोमवार से शुरू होगी. तीन अप्रैल को बीएससी तीसरे सेमेस्टर, पांच अप्रैल को बीएससी प्रथम व पांचवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की परीक्षा होगी. इसका समय सुबह 10 बजे से रहेगा. स्टूडेंट्स समय का विशेष ध्यान रखें.

PLACEMENTS

Four students of Lucknow University's department of business administration — Sawanie Maurya, Palak Gupta, Adharva Mishra, and Kritika Rai — were selected as consultants with Antal International at an annual package of Rs 6 lakh. Antal is a UK-based, global executive recruitment firm, established in 1993, with 140+ offices across 30+ countries and 1500+ consultants in its fold. Besides, Adharva Mishra was selected by Godrej & Boyce Mfg Co Ltd at an annual package of Rs 4.8 lakh, which will be increased to Rs 7 lakh after probation.

HAPPY THINKING LAB

The Happy Thinking Lab at LU will be setting up four new machines for the visitors. Lab incharge Madhurima Pradhan said they are waiting for the formal inauguration and students are being imparted training. The new machines include one for cognitive rehabilitation, another for triple physiology sensor. The third machine is a body composition analyser and the fourth is an updated bio feedback machine.

VoL PAGE 5

लविवि के चार छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रतिभा और प्रबंधन कौशल के बेहतरीन प्रदर्शन को जारी रखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के छात्र इस सप्ताह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जानी जाने वाली कुछ प्रतिष्ठित कंपनियों के साक्षात्कार में सफलता हासिल करने में सक्षम रहे। चार छात्र सावनी मौर्य, पलक गुप्ता, अद्धर्व मिश्रा और कृतिका राय को 6 लाख प्रति वर्ष के वेतन पैकेज पर एंटाल इंटरनेशनल के साथ सलाहकार के पदों पर चुना गया था। एंटल एक यूके आधारित एग्लोबल एक्जीक्यूटिव रिक्रूटमेंट फर्म हैए जिसे 1993 में स्थापित किया गया थाए और जिसके 30 से अधिक देशों में 140 से अधिक कार्यालय हैं और जहां 1500 से अधिक सलाहकार कार्यरत हैं। गोदरेज एंड बॉयस एमएफजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स उद्योगों में एक प्रमुख नाम द्वारा अधर्वमिश्रा को 4.8 लाख चं के पैकेज पर भी चुना गया है, जिसे प्रोबेशन के बाद 7 लाख प्रति वर्ष तक बढ़ाया जाना है। ये चयन एक उपयुक्त क्षण में आए हैं जब विभाग अपने वार्षिक उत्सव ग्रेविटास 2.0 का भी आयोजन कर रहा है। ग्रविटास एक प्रबंधन केंद्रित कार्यक्रम जिसमें क्विज, केस स्टडी, चर्चा, बहस और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं, जो नेतृत्व कौशल, टीमवर्क और प्रतिभागियों की रचनात्मकता को उजागर करते हैं और जो 12.13 अप्रैल को होने जा रहा है। इसके अलावाए यह उद्योग के विशेषज्ञोंए उद्यमियों और व्यापारिक अग्रणियों के साथ बातचीत करने का एक अच्छा समय भी होगा, जो अपनी अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा करेंगे। विभाग के छात्रों का बढ़िया प्लेसमेंट इस बात का पर्याप्त प्रमाण है कि विभाग द्वारा की जा रही समग्र विकास गतिविधियाँ निश्चित रूप से सही दिशा में एक कदम हैं।

TARUN MITRA PAGE 12

लविवि के चार छात्रों का प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ चयन

लखनऊ, 02 अप्रैल (तरुणमित्र)। प्रतिभा और प्रबंधन कौशल के बेहतरीन प्रदर्शन को जारी रखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के छात्र इस सप्ताह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जानी जाने वाली कुछ प्रतिष्ठित कंपनियों के साक्षात्कार में सफलता हासिल करने में सक्षम रहे। चार छात्र में सावनी मौर्य, पलक गुप्ता, अद्धर्व मिश्रा और कृतिका राय को 6 लाख प्रति वर्ष के वेतन पैकेज पर एंटाल इंटरनेशनल के साथ सलाहकार के पदों पर चुना गया।

एंटल एक यूके आधारित, ग्लोबल एग्जीक्यूटिव रिक्रूटमेंट फर्म है, जिसे 1993 में स्थापित किया गया था और जिसके 30 से अधिक देशों में 140 से अधिक कार्यालय हैं और जहां 1500 से अधिक सलाहकार कार्यरत हैं। गोदरेज एंड बॉयस एमएफजी.को. लिमिटेड, एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स उद्योगों में एक प्रमुख नाम द्वारा अधर्व मिश्रा को 4.8 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर भी चुना गया है। जिसे प्रमोशन के बाद 7 लाख प्रति वर्ष तक बढ़ाया जाना है। ये चयन एक उपयुक्त क्षण में आए हैं जब विभाग अपने वार्षिक उत्सव ग्रेविटास 2.0 का भी आयोजन कर रहा है।

ग्रविटास एक प्रबंधन केंद्रित कार्यक्रम जिसमें क्विज, केस स्टडी, चर्चा, बहस, और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं, जो नेतृत्व कौशल, टीम वर्क और प्रतिभागियों की रचनात्मकता को उजागर करते हैं और जो 12-13 अप्रैल को होने जा रहा है। इसके अलावा, यह उद्योग के विशेषज्ञों, उद्यमियों और व्यापारिक अग्रणियों के साथ बातचीत करने का एक अच्छा समय भी होगा, जो अपनी अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा करेंगे। विभाग के छात्रों का बढ़िया प्लेसमेंट इस बात का पर्याप्त प्रमाण है कि विभाग द्वारा की जा रही समग्र विकास गतिविधियाँ निश्चित रूप से सही दिशा में एक कदम हैं।

AMRIT VICHAR PAGE 4

व्यापार प्रशासन विभाग से पढ़कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कंपनी में हासिल किया मुकाम

लविवि के छात्रों ने विश्व स्तर पर रोशन किया नाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: प्रतिभा और प्रबंधन कौशल के बेहतरीन प्रदर्शन को जारी रखते हुए, लखनऊ विश्वविद्यालय के चार छात्रों ने विश्व स्तर पर अपना नाम रोशन किया है। छात्रों ने एक अंतर्राष्ट्रीय कंपनी में साक्षात्कार के बाद चयन हुआ है।

व्यापार प्रशासन विभाग से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी शिवानी मौर्य, पलक गुप्ता, अद्धर्व मिश्रा, और कृतिका राय को 6 लाख प्रति वर्ष के वेतन पैकेज पर एंटल इंटरनेशनल के साथ सलाहकार के पदों पर चुना गया था। एंटल एक यूके आधारित, वैश्विक कार्यकारी भर्ती फर्म है, जिसे 1993 में स्थापित किया गया था, जिसके 30 प्लस देशों में 140 प्लस कार्यालय हैं, जिसमें 1500 प्लस सलाहकार शामिल हैं। एक अन्य प्लेसमेंट में, गोदरेज एंड बॉयस कंपनी जो कि वर्तमान में फास्ट मूविंग कन्सुमर गुड्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स उद्योगों में एक प्रमुख नाम है, उनके द्वारा इन छात्रों को 4.8 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर चुना गया था लेकिन परिवीक्षा के बाद इनका पैकेज बढ़ाकर 7 लाख प्रति वर्ष किया जाना है।

ये चयन एक उपयुक्त समय में हुए हैं जब विभाग अपने वार्षिक उत्सव ग्रेविटास 2.0 का भी आयोजन कर रहा है, जो एक प्रबंधन केंद्रित कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में क्विज, केस स्टडी, चर्चा, बहस और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं जो नेतृत्व कौशल, टीम वर्क और प्रतिभागियों की रचनात्मकता को प्रदर्शित करते हैं। यह दो दिवसीय कार्यक्रम 12-13 अप्रैल को प्रस्तावित है।

अंतर्राष्ट्रीय कंपनी में साक्षात्कार के बाद चयन हुआ

विभाग अपने वार्षिक उत्सव ग्रेविटास 2.0 का भी कर रहा आयोजन

LOKSATYA PAGE 3

प्रशासन के छात्रों का कंपनियों में चयन

लखनऊ, लोकसत्य

प्रतिभा और प्रबंधन कौशल के बेहतरीन प्रदर्शन को जारी रखते हुए, लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यापार प्रशासन विभाग के छात्र इस सप्ताह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जानी जाने वाली कुछ प्रतिष्ठित कंपनियों के साक्षात्कार को क्रैक करने में सफल रहे। चार छात्र सावनी मौर्य, पलक गुप्ता, अद्धर्व मिश्र, और कृतिका राय को 6 लाख प्रति वर्ष के वेतन पैकेज पर एंटाल इंटरनेशनल के साथ सलाहकार के पदों पर चुना गया था। एंटल एक यूके आधारित, वैश्विक कार्यकारी भर्ती फर्म है, जिसे 1993 में स्थापित किया गया था, जिसके 30+ देशों में 140+ कार्यालय हैं, जिसमें 1500+ सलाहकार शामिल हैं।एक अन्य प्लेसमेंट में, गोदरेज एंड बॉयस कंपनी जो कि वर्तमान में फास्ट मूविंग कन्सुमर गुड्स (FMCG) और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स उद्योगों में एक प्रमुख नाम है, उनके द्वारा इन छात्रों को 4.8 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर चुना गया था किन्तु परिवीक्षा के बाद इनका पैकेज बढ़ाकर 7 लाख प्रति वर्ष किया जाना है।ये चयन एक उपयुक्त समय में हुए हैं जब विभाग अपने वार्षिक उत्सव ग्रेविटास 2.0 का भी आयोजन कर रहा है, जो एक प्रबंधन केंद्रित कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में क्विज, केस स्टडी, चर्चा, बहस और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं जो नेतृत्व कौशल, टीम वर्क और प्रतिभागियों की रचनात्मकता को प्रदर्शित करते हैं। यह 12-13 अप्रैल को प्रस्तावित है। इसके अलावा, इस कार्यक्रम में छात्रों को विशेषज्ञों, उद्यमियों और व्यापारिक नेताओं के साथ बातचीत करने का एक अच्छा समय प्राप्त होगा, जो अपनी अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा करेंगे।